CLASS NOTES-ANSWERS

अभ्यास

पाठ ज्ञान

1) नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दो।

मौखिक

(क)अध्यापिका ने बच्चों को किस समारोह के बारे में बताया?

उत्तर: अध्यापिका ने बच्चों को विद्यालय के वार्षिक समारोह के बारे में बताया।

(ख)भारत के प्रमुख नृत्य कौन-कौन से है?

उत्तर: भारत के प्रमुख नृत्य है- कथकली, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, मोहिनियाटम और कत्थक।

(ग)भरतनाट्यम की शैली का विकास कहाँ हुआ?

उत्तर: भरतनाट्यम की शैली का विकास दक्षिण भारत में हुआ।

(घ)कत्थक नृत्य का जन्म कहाँ हुआ?

उत्तर: कत्थक नृत्य का जन्म उत्तर भारत में हुआ।

(ङ)'मुखौटे' का प्रयोग किन किन नृत्य शैलियों में किया जाता है?

उत्तर: कथकली और छाऊ नृत्य शैलियों में मुखोड़े का प्रयोग किया जाता है।

लिखित

(क)अध्यापिका ने भरतनाट्यम की नृत्य शैली के बारे में क्या जानकारी दी?

उत्तर: अध्यापिका ने भरतनाट्यम के नृत्य शैली के बारे में बताया कि इसका विकास तमिलनाडु राज्य में हुआ था। इसमें पैरों को लयबद्ध तरीके से ज़मीन पर पटका जाता है। इस नृत्य शैली पर घुटने से विशेष रूप से झुके होते है एवं

हाथ, गर्दन और कंधे विशेष रूप से गतिमान होते है।

(ख)भरतनाट्यम के प्रमुख कलाकारों के नाम बताओ?

उत्तर: भरतनाट्यम के प्रमुख कलाकारों का नाम है-रुक्मिणी देवी, यामिनी कृष्णमूर्ति, सोनल मानसिंह और मृणालिनी साराभाई आदि।

(ग)कथकली में किन कथाओं को प्रदर्शित किया जाता है?

उत्तर: कथकली में रामायण और महाभारत महाकाव्यों की कथाओं को प्रदर्शित किया जाता है।

(घ)छाऊ नृत्य कहाँ देखने को मिलता है?

उत्तर: छाऊ नृत्य पश्चिम बंगाल, बिहार और उडीसा में देखने को मिलता है ।

1) सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करो ।

(क)**कत्थक** का जन्म उत्तर भारत में हुआ।

(ख)कथकली **केरल** राज्य की नृत्य शैली है।

(ग)**छाऊ** नृत्य ओजस्विता और शक्ति से परिपूर्ण है।

(घ)हमारे भारत की **नृत्यशैली** अति सुंदर है।

2) मिलान करो।

भरतनाट्यम-तमिलनाडु

कथकली-केरल

कत्थक-उत्तर भारत

छाऊ नृत्य-पश्चिम बंगाल, उडीसा, बिहार

THE GARDEN SCHOOL Anakkal P.O. Kanjirappally 686 508

भाषा ज्ञान

1) पढो और समझो।

इन वाक्यों में से आए क्रिया शब्दों पर गोला लगाओ।

(क)कक्षा में अध्यापिका प्रवेश करती है ।

(ख)में तुम्हें अपने देश के कुछ नित्यों के बारे में बताती हूँ ।

(ग)इसके बिना कोए भी समारोह पूरा नहीं होता।

(घ)इस नृत्य शैली में भी कलाकार मुखौटों का प्रयोग करते है।

2) नीचे दिए गए शब्दंशों से दो दो शब्द और बनाओ।

रू-	रूप	रूमाल	रूपक
त्य-	नृत्य	सत्य	त्याग
व्य–	व्यक्त	व्यक्ति	व्यायाम
त्व -	महत्त्व	तत्व	नेतृत्व

THE GARDEN SCHOOL
Anakkal P.O. Kanjirappally 686 508

3) नीचे दिए शब्दों एक शब्द चुनकर लिखो।

(क)नृत्य करने वाला -नर्तक

(ख)वर्ष में एक बार होने वाला -वार्षिक

(ग)कला का ज्ञान रखने वाला -कलाकार

(घ)जो प्रशंसा करने के योग्य हो -प्रशंसनीय

(ङ)महीने में एक बार होने वाला -मासिक

(च)सप्ताह में एक बार होने वाला -साप्ताहिक